दिनांक-02.05.2022

**प्रेस विज्ञप्ति**

*********

**रेलटेल ने आंध्र प्रदेश मेड. टेक. जोन (AMTZ) के विशाखापत्तनम परिसर में एक "हेल्थ क्लाउड" को डिज़ाइन और स्थापित किया है। AMTZ दुनिया का पहला एकीकृत चिकित्सा उपकरण निर्माण केंद्र है।**

**एएमटीजेड में रेलटेल के "हेल्थ क्लाउड" का उद्घाटन डब्ल्यूएचओ-जिनेवा के डब्ल्यूएचओ इनोवेशन हब की प्रमुख सुश्री लुईस एगर्सनैप द्वारा किया गया है।**

**रेलटेल और एएमटीजेड के बीच एक ऐतिहासिक साझेदारी समझौते के भाग के रूप में शुरू किए गए हेल्थ केयर उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह एक बड़ा कदम है।**

**इस साझेदारी के अंतर्गत सभी गतिविधियों से ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों को हाई-टेक डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ सशक्त बनाने में सहयोग मिलेगा और इस तरह सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल का कार्य एक वास्तविकता बन सकेगा।**

**स्वास्थ्य क्षेत्र के डिजिटल ट्रांसफार्मेशन में एक बड़ा कदम: श्री पुनीत चावला, सीएमडी, रेलटेल**

**इस साझेदारी से ग्रामीण क्षेत्रों में हाई-टेक डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ अस्पतालों को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी: डॉ जितेंद्र शर्मा, एमडी एवं सीईओ – एएमटीजेड (AMTZ)**

*****

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, एक केंद्र सरकार का सार्वजनिक उपक्रम है जो रेल मंत्रालय के अधीन है, ने हेल्थ केयर उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक बड़े कदम के रुप में आंध्र प्रदेश मेड. टेक. ज़ोन (**AMTZ**) के विशाखापत्तनम परिसर में एक "हेल्थ क्लाउड" डिजाइन और स्थापित किया गया है। **AMTZ** विश्व का पहला एकीकृत चिकित्सा उपकरण निर्माण केंद्र है। यह क्लाउड एक समर्पित "डेटा सेंटर" है जो स्वास्थ्य क्षेत्र की विशिष्ट और विशेष प्रकृति की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। यह कार्य रेलटेल और एएमटीजेड के बीच एक ऐतिहासिक साझेदारी समझौते के भाग के रूप में किया गया है। इस साझेदारी का उद्देश्य उन्नत डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और पहलों जैसे इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड एलायंस (EMRA), रेडियोलॉजी इमेजिंग सर्विसेज, हेल्थ डिजिटल डेटा फिड्यूशियरी सर्विसेज आदि को विकसित करना और सुविधा प्रदान करना है। यह चिकित्सा उपकरणों, चिकित्सा प्रक्रियाओं और विभिन्न आईपी सिस्टम एवं स्वास्थ्य सेवाओं से संबद्ध एप्लिकेशन के निर्बाध एकीकरण की सुविधा प्रदान करेगा। इस साझेदारी के अंतर्गत सभी **गतिविधियों** से ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों को हाई-टेक डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ सशक्त बनाने में मदद मिलेगी और इस तरह सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल **का कार्य एक वास्तविकता बन सकेगा।**

जबकि रेलटेल, एक मिनीरत्न केंद्र सरकार की पीएसयू प्रमुख आईसीटी सेवा प्रदाता है और देश में सबसे बड़े न्यूट्रल टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज प्रोवाइडर में से एक है, वहीं एएमटीजेड( AMTZ) विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में स्थित देश का एकमात्र औद्योगिक पार्क है जो ऐसे चिकित्सा उपकरणों के निर्माण के लिए अपेक्षित कॉमन साइन्टिफिक सुविधाओं (रिसर्च एवं डेवलप्मेंट इंस्टिटूशन और जाँच लैब) के अलावा इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रो-मेडिकल, रेडियोलॉजिकल और बायोमेट्रिक चिकित्सा उपकरण निर्माणकर्ती इकाइयों को समाहित किए हुए है। यह स्टार्ट-अप कंपनियों के लिए एक

इन्क्यूबेशन केंद्र के रूप में भी कार्य करेगा। एएमटीजेड दुनिया का पहली एकीकृत चिकित्सा उपकरण निर्माणी इकोसिस्टम है।

एएमटीजेड में रेलटेल के "हेल्थ क्लाउड" का उद्घाटन डब्ल्यूएचओ इनोवेशन हब, डब्ल्यूएचओ-जिनेवा की प्रमुख सुश्री लुईस एजर्सनैप द्वारा किया गया है। जहां डॉ. जितेंद्र शर्मा, एमडी और सीईओ/एएमटीजेड, श्री मनोहर राजा, कार्यपालक निदेशक/रेलटेल, और श्री राजीव नाथ, फोरम कोऑर्डिनेटर, एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैन्युफैक्चरर्स ऑफ मेडिकल डिवाइसेज (AiMeD) भी उपस्थित थे। यह हेल्थ क्लाउड स्वास्थ्य डेटा से संबंधित गोपनीयता, सुरक्षा और संप्रभु स्वायत्तता से सम्बन्धित मुद्दों का पूरी तरह से ध्यान रखता है और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के इकोसिस्टम का पूरी तरह से अनुपालन करता है।

रेलटेल ने मोबाइल कंटेनर अस्पताल के लिए टेलीकंसल्टेशन साल्यूशन्स के लिए पूर्ण तकनीकी सहायता भी उपलब्ध करायी है। यह अस्पताल एएमटीजेड में डिज़ाइन और निर्मित किया गया है, जिसमें दूरदराज के क्षेत्रों में रेडी-टू-ऑपरेशन के लिए सभी आवश्यक अस्पताल सेट-अप हैं। इसे पहियों पर भी परिचालित किया जा सकता है। यह डिजिटल भुगतान इंटरफेस वाले मोबाइल ऐप के माध्यम से दवाओं को निकालने के लिए एक हेल्थ एटीएम के साथ उपलब्ध है।

रेलटेल इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड एलायंस (EMRA) को क्लाउड और कनेक्टिविटी सपोर्ट भी उपलब्ध करा रहा है, जो एक महत्वपूर्ण कंसोर्टियम है और जो ईएमआर तैयार करने के लिए छोटी संस्थाओं को Hospital Information System (HIS) साल्यूशन उपलब्ध कराता है ताकि सभी को डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम के साथ जोड़ा जा सके। यह कंसोर्टियम एक हेल्थ डिजिटल डेटा फिडूशियरी सर्विस और हेल्थ इन्फार्मेशन एक्सचेंज के रूप में विकसित होगा जो एबीडीएम इकोसिस्टम का पूरी तरह से अनुपालन करता है और उस से एकीकृत है।

स्वास्थ्य में डिजिटल प्रौद्योगिकियों के सामान्य उपयोगों में चिकित्सा ज्ञान संसाधनों की खोज, नैदानिक सहायता की सुविधा, देखभाल की गुणवत्ता की निगरानी, और संक्रामक रोगों के प्रसार की मैपिंग और निगरानी के साथ-साथ दवाओं और टीकों, उपकरणों, मशीनों और सहायक उपकरण की आपूर्ति पर नज़र रखना शामिल है।

श्री पुनीत चावला, सीएमडी, रेलटेल ने कहा, "रेलटेल की दूरसंचार और आईसीटी विशेषज्ञता और एएमटीजेड की गहरी स्वास्थ्य डोमेन क्षमता के साथ आ जाने से आईसीटी का लाभ उठाते हुए हेल्थ केअर सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। रणनीतिक साझेदारी का इरादा एक मजबूत डिजिटल इंडिया नैरेटिव के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियों पर निर्माण करना है। यह नई पहल स्वास्थ्य क्षेत्र के डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।"

डॉ. जितेंद्र शर्मा, एमडी और सीईओ, एएमटीजेड ने कहा, "स्वास्थ्य डेटा के लिए समर्पित डेटा सेंटर सुविधा बनाने से अद्वितीय सेवाएं बनाने की संभावना खुलती है जो ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में छोटे अस्पतालों को कॉर्पोरेट अस्पतालों जैसी **हाई टैक डिजिटल हेल्थकेअर क्षमताओं** जैसा सशक्त बना सकती हैं। एएमटीजैड (AMTZ) भारत में चिकित्सा प्रौद्योगिकी के विकास के लिए इन डेटा केंद्रित कार्यों के लिए और भारत को मेडटेक विकास और उत्पादन के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने के लिए रेलटेल के साथ साझेदारी करके प्रफुल्लित है"

**रेलटेल के बारे में:**

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला

एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार के लिए विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल देश भर में रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भारतीय रेलवे के साथ भी कार्य कर रहा है और रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई से 6100+ स्टेशन लाइव हैं।

**अधिक जानकारी के लिए,**

sucharita@railtelindia.com